भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

**सीईएन – 05/2024 (गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियां स्नातक पदों के लिए)**

**गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियां स्नातक पद हेतु कंप्यूटर – आधारित परीक्षा (सी.बी.टी -1) की संभावित तिथियों के बारे में सूचना।**

1. उपरोक्त सीईएन के लिए संभावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | केन्द्रीकृत रोजगार | परीक्षा | परीक्षा तिथियां |
|---|---|---|---|
| 01 | सीईएन - 05/2024 | गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) पदों के लिए<br>(कंप्यूटर आधारित परीक्षा) | 05 जून 2025 से 23 जून 2025 तक (15 दिन) |

2. **परीक्षा शहर, तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा**

3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा - शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लेखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरु होगी ।

4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केन्द्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई- सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि, यदि उन्होने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग-इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित कर लें, ताकि वे परीक्षा केन्द्र में आसानी से प्रवेश कर सकें।

5. सभी अभ्यर्थियों से, जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं जिन्होनें आवेदन जमा करने के दौरन अपने आधार का सत्यापन कराया है, अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार यूआईडीएआई प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।

6. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि, वे भर्ती प्रकिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह न हों।

7. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते है। आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधाररित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होता है, और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

**दिनांक : 13.05.2025**

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड